# छ : अवैध कॉलोनियों पर निगम का चला बुल्डोजर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यों को हटाया गया।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।



अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित 66 अवैध कॉलोनियों में से आज दिनांक 11 मार्च 2026 को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा वार्ड क्र. 66 के अन्तर्गत ग्राम सालूपुरा के सर्वे क्र. 56/3, 56/3/2, 57, 59, 61, 62, 67, 68, 70, 71, 72, 76, 56/3/1/1/2, 145, 146, 141, 142, 148, 149/2/1, 147/1, 147/2, 149/2/2, 58/1, 58/2, 125, 525, 531 लगभग रकवा 15.30 हेक्टेयर (कुल 06 अवैध कॉलोनी) भूमि पर पुष्पा साहू पत्नी महेन्द्र सिंह, साधूराम पुत्र गुलाब सिंह, रंजीत गुर्जर, केशव पुत्र महेन्द्र, जितेन्द्र, कैलाश पुत्र हरनारायण, एम.जी. एस. डवलपर्स पार्टनर महेश, दयाशंकर साहू, देवेन्द्र प्रजापति, प्रियंका सिंह, राधेश्याम डवलपर्स सौरभ जैन पुत्र गिरीश जैन, दयाशंकर पुत्र नीरज शर्मा आदि द्वारा अवैध कॉलोनियों में सड़क, सीवर, बाउण्ड्रीवॉल एवं विद्युत पोल आदि निर्माण किये गये थे, जिन्हें हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में सिटी प्लानर श्री महेन्द्र अग्रवाल, भवन अधिकारी श्री पवन शर्मा, भवन निरीक्षक श्री रवि गोडिया, मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# सांसद कुशवाह ने मिलावटखोरी का मुद्दा लोकसभा में उठाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** सांसद भारत सिंह कुशवाह ने लोकसभा में मिलावटखोरी का मामला उठाकर मिलावटखोरों पर नकेल कसने की मांग की है। लोकसभा में उन्होंने उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री बी.एल. वर्मा को बताया कि खाद्य प्रसंस्करण में लगी कुछ कंपनियों के खिलाफ खाद्य पदार्थों में मिलावट की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जांच में दोषी पाए जाने के बाद ऐसी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए ताकि मिलावटखोरी पर अंकुश लग सके।

उन्होंने केंद्रीय खाद्यमंत्री वर्मा से पूछा कि विगत तीन वर्षों में कितनी शिकायतें मिली हैं और कितनी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कुशवाह ने



कहा कि सरकार मिलावटखोरी में संलग्न कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए इनके खिलाफ जांच कर लाइसेंस निलंबन और जुर्माने की कार्रवाई करे। साथ ही जैविक और प्राकृतिक खाद्य प्रसंस्करण में ईमानदारी से लगीं कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन के साथ सहायता प्रदान करे। जबाव में मंत्री ने बताया कि 2022-23 में 4330 शिकायतें मिली, जिसमें से 4 हजार 74 शिकायतों को निराकरण किया गया।इसी तरह 2023-24 में 4 हजार 735 शिकायतों में से 3 हजार 993 शिकायतों का, 2024-25 में 7 हजार 705 शिकायतों में से 5 हजार 952 शिकायतों का निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ऑनलाइन खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (एफओएससीओएस) के अंतर्गत संचालित खाद्य सुरक्षा कनेक्ट पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ता शिकायतें प्राप्त करता है।

शिकायत दर्ज होने पर संबंधित नामित अधिकारियों एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और खाद्य व्यवसाय संचालकों को उपभोक्ताओं द्वारा उठाई गई शिकायतों तक ऑनलाइन पहुंच प्राप्त हो जाती है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को खाद्य पदार्थों के लिए विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने तथा मानव उपभोग के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उनके निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने का अधिकार है।

# देरी से आने वाले कर्मचारियों को दिए नोटिस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** सभापति श्री मनोज तोमर ने आज बुधवार को परिषद कार्यालय प्रातः 10 बजे पहुंचकर औचक निरीक्षण किया

**सभापति प्रातः 10 बजे पहुंचे परिषद कार्यालय, कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की**

तथा कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। देरी से आने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी किया तथा बिना सूचना अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि निगम कार्यालयों में समय पर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हों, इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा



वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति देखी जा रही है। सभापति श्री मनोज तोमर को भी परिषद कार्यालय में कर्मचारियों के लेट आने की शिकायत निरंतर मिल रही थी। जिसको लेकर आज बुधवार को सभापति श्री तोमर ने प्रातः 10 बजे परिषद कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों की उपस्थिति देखी तथा उपस्थिति रजिस्टर अपने चेम्बर में ही रखवा लिया और देरी से आने वाले कर्मचारियों से स्वयं अपने सामने हाजरी लगवाई और आने का समय डलवाया तथा सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारी समय पर उपस्थित हों। औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों में श्री प्रभाकर राव जाधव, एआरआई तथा श्री प्रेम नारायण सविता कार्यरत लिपिक एवं श्री इकबाल खां, दफ्तरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु सचिव को निर्देशित किया गया।

# आईटीएम में नानक देव को समर्पित विचार गोष्ठी का आगाज 'गगन में थाल' गायन के साथ हुआ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का 350वां जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वार्षिक विमर्श श्रृंखला 'भारतीय भक्ति काव्य परम्परा' के तहत श्री गुरु नानक देव जी को समर्पित विचार गोष्ठी का आगाज संस्थान के तुरारी परिसर स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खान सभागार में 'गगन में थाल' (मंगलाचरण) गायन के साथ हुआ। इस गोष्ठी में 'गुरु नानक वाणी की सांगीतिक संरचना', 'गुरु नानक देव जी के दर्शन में मानव सेवा की अवधारणा' विषयों पर व्याख्यान हुए। इस अवसर पर गायक और वक्ता के रूप में प्रोफेसर निवोदिता सिंह, वक्ता डॉ. सच्चिदानन्द जोशी



शामिल हुए। वहीं वादन सुरदीप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी डॉ. मुकेश पांडे, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, आईटीएम ग्वालियर की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डॉ. मिनी अनिल, डॉ. शोभा भारद्वाज, डॉ. वंदना भारती सहित, विभिन्न विभागों के विभागध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, देशभर से आए व्याख्याता, कला समीक्षक, मृदा मूर्तिकार, चित्रकार, रंगकर्मी कलाकार, गुरुद्वारा कमेटी फूलबाग, गुरुद्वारा दाताबन्दी छोड़ के पदाधिकारी, सिख संगत, सिख समुदाय के लोग और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन संजय जोथे द्वारा किया गया।

प्रोफेसर निवेदिता सिंह (पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब) ने अपनी मधुर वाणी से गायन और सुरदीप सिंह ने कर्णप्रिय वादन कर मंगलाचरण की मंत्रमुग्ध कर देने



वाली प्रस्तुति दी।

विचार गोष्ठी में निवेदिता सिंह ने 'गुरु नानक वाणी की सांगीतिक संरचना' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ. सच्चिदानन्द जोशी ने 'गुरु नानक देव जी के दर्शन में मानव-सेवा की अवधारणा' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में 'भारतीय भक्ति काव्य परम्परा' के अंतर्गत गुरु नानक देव जी के विचारों एवं जीवन पर आधारित विचार गोष्ठी में वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्या ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। भारतीय संस्कृति तथा भारतीय काव्य परम्परा को निकट से समझने और जानने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने 'गुरु' पद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम तो केवल सांसारिक ज्ञान देने वाले लोग हैं, जबकि सच्चे गुरु वही होते हैं जो मानवता, समाजसेवा और शांति के मार्ग पर चलकर देश में एकता और सद्भाव बनाए रखते हैं। ऐसे ही महान गुरु थे गुरु नानक देव जी।

# छत्री मैदान में धूमधाम से हुआ 11 बेटियों का विवाह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** लाल जोड़े में सजी-धजी वधुएं और सूट-बूट में इठलाते दूल्हे, डीजे पर बजते मांगलिक गीत, आसमान में उड़ती गुलाल की पंखुड़ियां। सामाजिक लोक जनआस्था ग्रुप के तत्वावधान में छत्री मैदान में

**बारात में जमकर नाचे बाराती, वरमाला से लेकर सभी रस्में हुई**

बुधवार को आयोजित हुए निशुल्क 11 बेटियों के सामुहिक विवाह समारोह में कुछ ऐसा ही माहौल नजर आया।

बुधवार सुबह बैण्ड-बाजों के साथ मेरे यार की शादी है जैसे गीतों पर सभी बारातियों ने जमकर नृत्य किया। बारातियों का स्वागत करने में भी शहरवासी पीछे नहीं रहें। दुकानों एवं मकानों की छतों से पुष्पावर्षा कर आतिशबाजी चलाकर बारात का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान



बारातियों को शीतल पेयजल, चाय, नाश्ता भी कराया गया। बारात एवं कार्यक्रम स्थल पर मशीनों से भी फूल बरसाये गये। छत्री मैदान में जब दूल्हे पहुंचे तो वहां वधु पक्ष के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद मंच पर दूल्हा और दुल्हन की जयमाला कराई गई। इससे पहले वर-वधु ने स्व. माधवराव सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात वेदपाठी ब्राह्मणों ने विवाह की रस्में पूरे विधि विधान से कराईं।

इस मौके पर पार्षद मोहित जाट, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल जादौन, अशोक चौधरी, प्रदीप मुद्गल, सादिक भाई शानू, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, बजरंग सिंह सेंगर, गौरव कुशवाह, नीरज जैन, संतोष राठौर, पवन देशमुख, विमल जैन, अमित ठाकरे, जितेंद्र जायसवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, अभिनव राजौरिया, श्याम शर्मा, राहुल शर्मा, दीपक गुर्जर, सागर जायसवाल, ओमप्रकाश धानोल, नारायण प्रजापति, स्मृति सिंह, चेतना तोमर, सुनीता किरार, वंदना खटीक, सुशीला कुशवाह, गौरव कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मुरारीलाल मित्तल ने किया।

**सिंधिया ने दी शुभकामनाएं : अग्रवाल**

पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल ने कहा कि जिन बेटियों का धूमधाम से विवाह हुआ है, उनके लिए बहुत ही खुशी का दिन हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भले ही कार्यक्रम में नहीं आ पाए,लेकिन उन्होंने सभी बेटियों को विवाह की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि पारिवारिक माहौल में बेटियों के विवाह का बहुत ही सुंदर और प्रेरक आयोजन किया है।

**बेटियों का कन्यादान सबसे बड़ा पुण्य : समर्थतीर्थ**

इस मौके पर स्वामी समर्थतीर्थ महाराज ने कहा कि पवित्र कार्य करने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता है। लोग एक-दो चार बेटियों का कन्यादान करते हैं,लेकिन पार्षद मोहित एक साथ 11 बेटियों का कन्यादान कर रहे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि सेवा को उन्होंने जो संकल्प लिया है, वो 11 से बढ़कर 111 तक पहुंचे। एक बेटी के कन्यादान से सौ कन्यादान का पुण्य मिलता है और यहां तो 11 बेटियों का कन्यादान लिया है। उन्होंने कहा कि अन्य लोग भी प्रेरणा लेकर ऐसे कार्य करें, क्योंकि परहित सरिस धर्म नहीं....।

# तेज रफ्तार कार पलटने से दो युवक घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** डबरा नगर के बल्ला का डेरा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। कार के एयरबैग खुलने से दोनों युवकों की जान बच गई।

**एयरबैग खुलने से बची जान**

कार में दीपेंद्र पुत्र गजराज सिंह (निवासी गणेश कॉलोनी) और सुमित पुत्र रामबाबू दुबे (निवासी पिछोर) सवार थे। दोनों युवक दतिया की तरफ से आ रहे थे।

बल्ला का डेरा क्षेत्र के पास कार तेज रफ्तार में होने के कारण चालक उस पर नियंत्रण नहीं रख सका। कार डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई और सर्विस रोड पर जा पहुंची। इसी दौरान गाड़ी के एयरबैग खुल गए।

हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो



गई। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला। उनके सिरों पर चोटें होने के कारण लोगों ने कपड़ों से उनके सिर बांधे। दोनों युवकों को तुरंत डबरा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। सिर में गंभीर चोटों के चलते उन्हें बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। हादसे की मुख्य वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि अचानक कोई गाय सामने आ जाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हुई। इस पूरे हादसे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि गाड़ी के दोनों एयरबैग खुल गए, जिससे दोनों युवकों की जान बच गई।

# विश्व किडनी दिवस : आरजेएन अपोलो में नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर 12 मार्च को आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ मनीष गुप्ता, डॉ जितेंद्र राजपूत एवं डॉ प्रवेश गुप्ता यूरोलॉजिस्ट द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही शिविर में आने वाले मरीजों के लिए लैब एवं रेडियोलॉजी जांचों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। यह शिविर 12 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें किडनी से संबंधित समस्याओं जैसे किडनी फेलियर, डायलिसिस की आवश्यकता, यूरिन इन्फेक्शन, हाई ब्लड प्रेशर से होने वाली किडनी समस्याएं आदि के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते अपनी किडनी की जांच कराकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

# विश्व ग्लूकोमा सप्ताह में नेत्र रोग विशेषज्ञों ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह जो 8 मार्च से 14 मार्च तक मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत आज जीआर मेडिकल कॉलेज से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आम जनता को ग्लूकोमा मतलब काला मोतिया बिंद या काला पानी के प्रति जागरूक करना है। जीडीओएस के अध्यक्ष डॉक्टर डीके शाक्य ने बताया कि इस बीमारी को दृष्टि का मौन चौर कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण प्रारंभिक अवस्था में दिखाई नहीं देते और समय पर जांच न होने पर यह स्थाई दृष्टि हानि का कारण



बन सकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक, मेडिकल छात्र तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मी नियमित नेत्र परीक्षण और समय पर ग्लूकोमा की जांच के महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता ही दृष्टि बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है और ऐसी पहल से अधिक से अधिक लोगों को आंखों के नियमित जांच कराने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

# 'युद्ध के बाद देश में असमंजस की स्थिति' : अरुण यादव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 11 मार्च.** खाड़ी युद्ध के बाद देश में बने हालातों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता अरुण यादव ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है. उनका कहना है कि हालात इतने अनिश्चित हो गए हैं कि पहले कुकिंग गैस के दाम बढ़ाए जाते हैं और बाद में गैस बाजार से गायब ही हो जाती है. यादव का आरोप है कि सरकार की नीतियों की वजह से जनता लगातार असमंजस की स्थिति में है.

यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि खाड़ी युद्ध के बाद देश में अनिश्चितता का माहौल बढ़ा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा देती है और दूसरी ओर गैस की सप्लाई ही रुक जाती है. उनके मुताबिक, सरकार की इस अस्थिर नीति से आम आदमी परेशान है और उसे समझ नहीं आ रहा कि आगे क्या होगा ?

**होली मिलन समारोह में संभाग के नेताओं से मुलाकात**

दरअसल, अरुण यादव ग्वालियर में पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि संभाग के सभी नेताओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और सभी मिलकर मिशन 2028 पर काम कर रहे हैं. यादव ने विश्वास जताया कि अगली सरकार प्रदेश में कांग्रेस की ही बनेगी.



**विजयपुर सीट के फैसले पर प्रतिक्रिया**

एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ द्वारा विजयपुर विधानसभा सीट पर दिए हालिया फैसले पर भी उन्होंने अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि आदिवासी विधायक मल्होत्रा 8 हजार वोटों से जीतकर सदन पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट के आदेश से उन्हें हटाकर सीधे भाजपा उम्मीदवार राम निवास रावत को विधायक घोषित कर दिया गया. यादव ने कहा कि यह फैसला सभी को असमंजस में डालने वाला है और कांग्रेस इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाएगी. यादव ने कहा कि उन्होंने इससे पहले कभी ऐसा नहीं सुना कि चुनाव रद्द न हो, दोबारा चुनाव न हो, बल्कि सीधे किसी अन्य व्यक्ति को विधायक घोषित कर दिया जाए. उन्होंने इसे इतिहास में पहली बार होने वाली घटना बताया और कहा कि कांग्रेस इस मामले में कानूनी रूप से पूरी मजबूती से लड़ाई लड़ेगी.


## कार्यालय नजूल अधिकारी, ग्वालियर-सिटी, जिला ग्वालियर, म.प्र.

क्रमांक/क्यू/रीडर/भूमि आवंटन /2026 ग्वालियर दिनांक 09/03/2026

प्रकरण क्र 0007/अ-20(3)/2025-26

**आम इश्तहार**

समस्त आम एवं ख़ास को सूचित किया जाता है कि आयुक्त नगर पालिक निगम ग्वालियर द्वारा ग्राम मालनपुर स्थित भूमि सर्वे क्र. 981/1 रकवा 2.969 हे., में से 0.090 हे. भूमि पर पानी की टंकी निर्माण हेतु भूमि आबंटन बाबत एक आवेदन पत्र क्रमांक 0403010107047-APP-27085287 कलेक्टर महोदय जिला ग्वालियर को प्रस्तुत किया गया। अतः उक्त भूमि के आवंटन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था अथवा अन्य जो भी इस प्रकरण में अपने आपको हितधारी समझता हो तो स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा न्यायालयीन समय पर न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 10/04/2026 तक अपना पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी। तत्पश्चात् किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 09/03/2026 को जारी किया गया।

Ro. क्र 141 दि. 10/03/26

नजूल अधिकारी,
ग्वालियर-सिटी, म.प्र.

## क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

दीनदयाल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ग्वालियर-474020
Email-romppcb_gwalior@rediffmail.com, Ph.: 0751-2472020

क्रमांक/675/क्षे.का.प्र.नि.बो./ग्वा./2026 ग्वालियर, दिनांकः 09/03/2026

**पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में लोक सुनवाई की सूचना**

हितबद्ध व्यक्तियों (Interested person) को यह सूचित किया जाता है कि मेसर्स राजेन्द्र प्रसाद खण्डेलवाल, बिलौआ गिट्टी स्टोन माईन, माइनिंग ऑफ मिनरल, सर्वे क्र. 3578/2/1, 3575/1/2 एवं 3570/1 ग्राम-बिलौआ, तहसील-डबरा, जिला-ग्वालियर (म.प्र.) के खदान क्षेत्र 2.315 हैक्टेयर उत्खनन क्षमता-50,000 घनमीटर / वर्ष हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 (ई) दिनांक 14.09.2006 एवं यथासंशोधित के तहत पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया में लोक सुनवाई हेतु कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा), जिला- ग्वालियर द्वारा निम्नानुसार दिनांक, समय व स्थान नियत किया गया है :-

| लोक सुनवाई की दिनांक व समय | लोक सुनवाई का स्थान | टीप |
|---|---|---|
| **23/04/2026** समय दोपहर 12.00 से | प्रस्तावित खदान परिसर, ग्राम बिलौआ, तहसील-डबरा जिला-ग्वालियर (म.प्र.) | अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) अनुभाग डबरा की अध्यक्षता में की जाना प्रस्तावित है। |

हितबद्ध व्यक्तियों (Interested person) को यह सूचित किया जाता है कि, उक्त प्रस्तावित परियोजना का प्रारूप पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन (ई.आई.ए.) तथा इसके कार्यकारी सारांश की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी हिन्दी व अंग्रेजी में निम्नलिखित प्राधिकारियों / कार्यालयों में जन अवलोकनार्थ रखी रहेगी, जिसे किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान देखा जा सकता हैं।

1. म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, (मुख्यालय) पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)।
2. म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in
3. प्रभारी अधिकारी, बोर्ड मुख्यालय (आई.टी.सेक्शन), म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल, (म.प्र.)।
4. मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, लिंक रोड, क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास, ई-5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल, (म.प्र.)।
5. कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय जिला पंचायत, जिला- ग्वालियर (म.प्र.)।
7. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ग्वालियर (म.प्र.)।
8. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बिलौआ, तहसील-डबरा, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)।
9. क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीनदयाल नगर, जिला - ग्वालियर (म.प्र.)।

प्रस्तावित परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय विषय पर सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि यदि कोई हों, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीनदयाल नगर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.) में दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा, नियत तिथि, समय और स्थान पर लोक सुनवाई आयोजित की जायेगी, जिसमें उपस्थित होकर प्रस्तावित परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी, आपत्ति आदि दर्ज कर सकते हैं। क्षेत्रीय अधिकारी


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95